RO/ARO Mains 2007

No. of Printed Pages : 3

MSK-02

हिन्दी संरचना

HINDI COMPOSITION

निर्धारित समय : तीन घण्टे] *[पूर्णांक : 100*

Time allowed : Three Hours] *[Maximum Marks : 100*

आवश्यक निर्देश :

*(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके अन्त में दिये गये हैं ।

अपठित गद्यांश

1. समाज स्वयं एक विकासशील संस्था है और सामाजिक हित के अनुरूप कार्य सिर्फ विद्यमान साधनों से सुखभोग का अधिकतम वितरण ही नहीं है, बल्कि सुविधाओं की प्राप्ति की संभावना को साधनों के प्रवर्धन के द्वारा अधिकाधिक चरितार्थ करना है । साधन प्रवर्धन मूलतः विज्ञान के विकास एवं प्रयोग से सिद्ध होता है । प्रकृति के नियमों का परिज्ञान एवं उनके अनुसार यन्त्र निर्माण ही मानवीय श्रम को परिष्कृत एवं समर्थ बनाकर धरा को सुवर्ण-शस्या एवं रत्न प्रसविनी बनाने में समर्थ होता है । वैज्ञानिक एवं प्राविधिक विकास पर आधारित समृद्धतर उत्पादन व्यवस्था उपभोग की सुविधाओं को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में चरण निक्षेप करती है ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 04

(ख) गद्यांश का सारांश (मूल गद्यांश का एक तिहाई) लिखिए । 10

(ग) रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए । 06

2. निम्नलिखित सरकारी पत्र का सारणीरूप (Tabular Form) में सारलेखन कीजिए : 15

संख्या 309/25/2009 (25)

नई दिल्ली 2, दिनांक 15-1-2009

वित्त मंत्रालय

भारत सरकार, नई दिल्ली

प्रेषक : आर.डी. स्वामी

अपर सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

कुलपति

समस्त विश्वविद्यालय

विषय : अनुसंधान - छात्रवृत्ति

महोदय,

मुझे सूचित करने का निर्देश हुआ है कि भारत सरकार ने शोध की गुणवत्ता बनाए रखने तथा अधिकाधिक प्रतिभाशाली छात्रों को शोधकार्य हेतु प्रोत्साहित करने के लिए 5,000/- रुपये प्रतिमाह प्रति छात्र को शोध-वृत्ति देने का निर्णय किया है । कृपया, अपने विश्वविद्यालय के विविध संकायों में शोधरत छात्रों की सूची तथा उन पर आनेवाले व्यय-भार को शीघ्र मंत्रालय को भेजने की व्यवस्था करें ।

भवदीय,

1. सूचनार्थ प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित — आर.डी. स्वामी

1. — अपर सचिव

2. — भारत सरकार

3. (क) मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा वित्त मंत्रालय से अति पिछड़े क्षेत्रों में नए विद्यालय खोलने के लिए अनुदान माँगा गया था । मंत्रालय ने अनुदान की स्वीकृति दे दी । अवर सचिव, वित्त, भारत सरकार द्वारा इस आशय का शासकीय पत्र शिक्षा सचिव, मध्य प्रदेश सरकार के नाम लिखिए । 15

(ख) कार्यालय ज्ञाप किसे कहते हैं ? कार्यालय ज्ञाप का एक प्रारूप तैयार कीजिए । 15

(ग) भारत और बंगलादेश के प्रधानमंत्री के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता हुआ । इससे सम्बन्धित विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए । 15

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों का हिन्दी में रूपान्तरण कीजिए : 10

(i) Liability
(ii) Levy
(iii) Exclude
(iv) Charge
(v) Contempt
(vi) Cast
(vii) Superintendent
(viii) Mala fide
(ix) Division
(x) Surcharge
(xi) Recurring
(xii) Passport

5. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दस** शब्दों का अंग्रेजी में रूपान्तरण कीजिए : 10

(i) प्राधिकृत
(ii) अनुमोदन
(iii) निधि
(iv) लाभांश
(v) सीमाकर
(vi) प्राथमिकी (पुलिस विभाग से सम्बन्धित)
(vii) सन्धि
(viii) दीवानी
(ix) पदावधि
(x) मुअत्तल
(xi) प्रत्याभूति
(xii) कार्यपालिका